– हेरिटेज निगम ने चलाया विशेष सफाई अभियान।
– हवामहल पर विदेशी सैलानियों ने बोला – डू नॉट स्पीट।
– टूरिस्ट एरिया में रेड स्पॉट पर किया पेंट।
– सड़क पर नहीं थूंकने के लिए रैली निकाल कर किया आमजन को जागरूक।

गुलाबी नगरी के हेरिटेज इलाकों को रेड स्पॉट से मुक्त करने के लिए हेरिटेज नगर निगम ने रविवार को विशेष सफाई अभियान अब नो रेड स्पॉट अभियान चलाया। जिसमें निगम के स्वच्छता प्रहरियों ने टूरिस्ट एरिया में रेड स्पॉट की सफाई की और दीवारों पर स्पीट के धब्बों को साफ किया। ऐतिहासिक स्थलों की सुंदरता बनी रहे, इसके लिए रेड स्पॉट पर पेंट भी कराया गया। इस संबंध में हेरिटेज निगम आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा ने बताया कि ये ऐतिहासिक स्थल जयपुर की धरोहर है। इन्हें साफ और सुंदर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। रविवार की विशेष अभियान के तहत स्पिट की जगहों की सफाई कराई गई, साथ ही आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली भी निकाली गई। रैली में विदेशी मेहमानों ने भी डू नॉट स्पिट का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सोनिया अग्रवाल ने राहगीरों को सड़क पर नहीं थूंकने के लिए समझाइश की और स्पिट कप जैसे विकल्प को अपनाने के लिए प्रेरित किया। हेरिटेज निगम के इस अभियान को विदेशी सैलानियों ने भी सराहा।